## न्यूज ब्रीफ

### आखिरी सलामी न दे पाने का मलाल रहेगा

**बहेड़ी, अमृत विचार :** केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बहेड़ी के फौजी की मृत्यु पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि फौजी मनदीप सिंह की शहादत हमेशा याद रखी जाएगी। क्षेत्रीय सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि बहेड़ी विधान सभा के गांव गोरीखेड़ा के रहने वाले फौजी मनदीप सिंह की आकस्मिक मृत्यु की खबर से काफी दु:खी हूं। पूर्व निर्धारित कार्यकमों में व्यस्तता के चलते उनके आखिरी दर्शन को नहीं पहुँच पाया, और उनको आखिरी सलामी देने से वंचित रह गया, जिसका मुझे हमेशा मलाल रहेगा। केंद्रीय मंत्री ने फौजी मनदीप के परिजनों के लिए संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दु:ख की घड़ी में वह उनके साथ हैं, और जल्द ही उनसे व्यक्तिगत तौर पर मिलने आएंगे।

### निजी स्कूल की शिकायत पोर्टल पर की

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** गांव बलई भगवंतपुर निवासी प्रमोद कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर क्षेत्र के एक निजी स्कूल की शिकायत की है। बताया कि एनसी की फीस सात सौ से एक हजार रुपये और स्कूल बैग, बुक, ड्रेस आदि सामान अपनी दुकान से 5000 से 7000 रुपये देते हैं। प्रिंसिपल पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

### नशा मुक्ति के प्रति किया जागरूक

**मीरगंज, अमृत विचार :** राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज में नशा मुक्ति भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य प्रो एस के सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उनमें जागरूकता उत्पन्न करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। वक्ताओं ने नशा करने से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी और इससे दूर रहने का संदेश दिया। संचालन रत्नाकर दुबे एवं सह-प्रभारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक, छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### मंदिर की जमीन पर कब्जे की कोशिश का आरोप

**नवाबगंज, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में पनघैली नदी के नए पुल के पास स्थित वालाजी मंदिर की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप लगाया गया है। समाजवादी पार्टी के नेता मुन्ना गंगवार ने इस संबंध में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, मंदिर के पश्चिम दिशा में एक व्यक्ति का मकान है, जिसका मुख्य दरवाजा आम रास्ते की ओर है। आरोप है कि 29 अप्रैल की रात उक्त व्यक्ति ने मंदिर की ओर की दीवार तोड़कर वहां दरवाजा लगाने का प्रयास किया और मंदिर की कीमती भूमि पर कब्जा करना शुरू कर दिया।

# पुरानी रंजिश में दिनदहाड़े हमला, दो बुजुर्ग घायल

## धारदार हथियार से किया हमला, सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता, भोजीपुरा**

- हथियारबंद आरोपियों ने बाल काटने की दुकान में किया हमला
- घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है

**अमृत विचार :** भीकमपुर माफी गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार पर जानलेवा हमला किया गया। हथियारबंद आरोपियों ने दिनदहाड़े एक बाल काटने की दुकान में घुसकर हमला किया और पथराव भी किया। घटना में दो बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पीड़ित रिजवान अली ने पुलिस को बताया कि 2 अप्रैल को गांव के सलीम ने उनके चचेरे भाई का मोबाइल चुरा लिया था। रिजवान द्वारा डायल 112 पर सूचना देने के बाद सलीम ने डरकर फोन वापस कर दिया था। इसी शिकायत को लेकर आरोपी पक्ष पीड़ित परिवार से रंजिश रखने लगा था। 23 अप्रैल की सुबह रिजवान अपने घर के बाहर थे। तभी आरोपी आरिफ,



मौके ● अमृत विचार

शबाना, आमीन, नन्हें, महरुद्दीन, हसीन बानो और नन्हें कोटेदार एक राय होकर गालियां देते हुए उनके भाई की दुकान में घुस आए। जब रिजवान के पिता खैबर अली और चाचा शाहिर अली ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

आरिफ ने रिजवान के पिता खैबर अली के सिर पर धारदार हथियार से वार किया और नन्हें कोटेदार ने चाचा शाहिर अली के सिर पर लाठी मारकर उनका सिर फाड़ दिया और हाथ भी तोड़ दिया। घटना के दौरान जमकर पथराव भी हुआ। चीख-पुकार सुनकर आसपास के मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस पुलिस ने लहूलुहान खैबर अली और शाहिर अली को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित रिजवान की तहरीर पर सात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## तेज डीजे और नालियों की दुर्गंध से परेशान कार्रवाई के निर्देश

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे की पंजाबी कॉलोनी के निवासियों ने देर रात तक बजने वाले तेज़ डीजे और नालियों से उठ रही दुर्गंध के खिलाफ प्रशासन से शिकायत की है। बुधवार को स्थानीय लोगों ने एसडीएम न्यायिक को शिकायती पत्र सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की। लोगों का आरोप है कि घनी आबादी के बीच स्थित बलदेवराज सूरी बारात घर में अक्सर आधी रात तक ऊंची आवाज़ में डीजे बजाया जाता है, जिससे आसपास रहने वाले लोगों, विशेषकर बुजुर्गों और हृदय रोगियों को भारी परेशानी होती है। कुछ दिन पहले भी स्थानीय निवासी जितेंद्र चड्ढा उर्फ जीतू की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डीजे बंद कराया था, लेकिन इसके बावजूद समस्या लगातार बनी हुई है। बुधवार को जितेंद्र चड्ढा, आशीष गुप्ता, सतेंद्र मिश्रा, स्नेह सब्बरवाल, घनश्याम, संदीप, छेदालाल, मो. फारूक, सरफुद्दीन, विजय और राहुल गुप्ता सहित कई लोगों ने एसडीएम न्यायिक निधि शुक्ला को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। इस पर एसडीएम ने पुलिस को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# 246 किसानों को 40 लाख के चेक बांटे




अग्निपीड़ित किसानों को मिले मुआवजा चेक के साथ एसडीएम इशिता किशोर व जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

**संवाददाता, बहेड़ी,**

- आग से जली गेहूँ की फसल के पीड़ित किसानों को राहत
- मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकांड सहायता योजना के तहत दी गई राहत

**अमृत विचार :** गांव सिंगौती और बहादुरगंज में आग से राख हुई सैकड़ों बीघा गेहूँ की फसल के पीड़ित किसानों को राहत राशि के चेक बांटे गए। दोनों गाँवों के 246 किसानों को 40 लाख 23 हज़ार रूपये के चेक दिए गए। यह राहत मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकांड सहायता योजना के तहत दी गई।

तहसील प्रशासन ने तहसील सभागार में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में राहत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में एसडीएम बहेड़ी इशिता किशोर और जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित किसानों को मुआवजे के चेक दिए। किसानों को सहायता के रूप में अधिकतम 40 हज़ार और न्यूनतम 75 सौ रूपये के चेक दिए गए। एसडीएम ने कहा कि अग्निकांड से पीड़ित किसानों को त्वरित राहत के तौर मुख्यमंत्री खेत-खलिहान अग्निकांड सहायता योजना के तहत दी जा रही है, ताकि किसान अगली फसल की तैयारी कर सकें।

गांव बहादुरगंज के मुंतियाज़, सिंगौती की मुमताज़ बेगम और हैदर अली को 40 हज़ार और किसान तेजपाल, ओमप्रकाश, पाती राम, अमित कुमार, राम बाबू और अमर जीत सिंह को 30-30 हज़ार रूपये के चेक दिए गए।

कार्यक्रम में बहेड़ी ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी, दमखोदा ब्लॉक प्रमुख पति दुष्यंत गंगवार, सभासद महेश शर्मा, तहसीलदार भानू प्रताप सिंह और नायब तहसीलदार व लेखपाल आदि मौजूद रहे।

# विपक्ष के खिलाफ आक्रोश, रैली




रिठौरा में जनाक्रोश रैली निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

**संवाददाता, रिठौरा**

**अमृत विचार :** रिठौरा के झलरा पीपल मंदिर सभागार में बुधवार को भाजपा के ''जन आक्रोश महिला सम्मेलन'' में मातृशक्ति का सैलाब उमड़ा। कार्यक्रम में महिलाओं ने हाथों में तिरंगा और तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरकर विपक्षी दलों के खिलाफ अपना विरोध भी दर्ज कराया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं को उनका हक दिलाने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का मार्ग प्रशस्त किया, लेकिन विपक्षी पार्टियों ने सदैव इसमें रोड़ा अटकाने का काम किया है। विशिष्ट अतिथि मीरा सिंह, चेयरमैन शकुंतला देवी ने भी नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक बताते हुए विपक्ष की घेराबंदी की।

सभा के बाद एक विशाल जन आक्रोश रैली निकाली गई। महिलाओं का यह आक्रोश सीधे तौर पर उन दलों के प्रति था जिन्होंने संसद में महिला आरक्षण बिल का विरोध किया था।

जिला कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता के संयोजन में हुए कार्यक्रम का संचालन वेदप्रकाश पटेल ने किया। इस दौरान राहुल साहू, रश्मि गुप्ता, रमेश साहू, प्रदीप कुमार गुप्ता, धर्मेश कुमार, दिनेश कुमारी, पूजा वर्मा, सभासद मनोज कश्यप, कमलेश गंगवार, दिनेश भास्कर, राजीव उर्फ लवकुश साहू, लोकेश कुमार गुप्ता, रमेश वर्मा, ब्रह्मानंद शर्मा और एडवोकेट अंकित सक्सेना सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस कर्मियों को मारने के आरोपी ने सरेंडर की अर्जी दी

**संवाददाता, कैंट**

- रिटायर्ड दरोगा का परिवार घर में ताला लगाकर फरार, मोबाइल जा रहे स्विच ऑफ

**अमृत विचार :** थाना कैंट क्षेत्र में सोमवार शाम को पुलिस कर्मियों पर कार चढ़ाने वाले आरोपी सलमान की तलाश में कैंट पुलिस लगातार दबिशें दे रही है। आरोपी तथा आरोपी के परिजन घर में ताला लगाकर फरार हो गए हैं। सभी के फोन लगातार स्विच ऑफ आ रहे हैं।

बताया जा रहा है, कि पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए बुधवार को आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर की अर्जी दी है। कोर्ट ने मामले में पुलिस से शीघ्र रिपोर्ट मांगी है। थाना कैंट के रिसाला चौकी इंचार्ज राजीव कुमार पटेल तथा कांस्टेबल संदीप कुमार अपनी अलग-अलग मोटरसाइकिलों से सोमवार शाम बिशप कॉनराड स्कूल के पास भीड़ देखकर रुके पता चला कि 410 सदर बाजार निवासी रिटायर्ड दरोगा समीउद्दीन खान का बेटा सलमान नशे में महिलाओं से अभद्रता तथा गाली गलौज कर रहा था। हस्तक्षेप करने पर पुलिस के साथ भी गाली गलौज करने लगा और कार दौडाकर फूल बाग की तरफ भाग गया। पुलिस ने घेराबंदी करके आरोपी को बीआई बाजार में रोक लिया। कार के शीशे खुलवाकर बात करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी ने पुलिस कर्मियों के ऊपर कार चढ़ा दी। जिससे दरोगा राजीव तथा कांस्टेबल संदीप गंभीर घायल हो गए, तथा दोनों की मोटरसाइकिलें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। मौजूद अन्य पुलिस कर्मियों ने घायल दरोगा तथा कांस्टेबल को जिला अस्पताल भिजवाया। दरोगा राजीव कुमार पटेल की ओर से आरोपी सलमान के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के बाद कैंट पुलिस आरोपी को बेसब्री से तलाश रही है। आरोपी तथा आरोपी के सभी परिजन घर में ताला लगाकर 2 दिन से फरार हैं। सभी के मोबाइल भी लगातार स्विच ऑफ आ रहे हैं। बताया जा रहा है, कि आरोपी सलमान ने गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट में सरेंडर की अर्जी दी है। तथा कोर्ट ने कैंट पुलिस से शीघ्र मामले की रिपोर्ट मांगी है।

# एसडीएम ने अल्ट्रासाउंड केन्द्रों का किया निरीक्षण



अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण करती एसडीएम। ● अमृत विचार

**आंवला**

- एसडीएम ने गेहूं क्रय केन्द्र के निरीक्षण में कमियों को दूर करने के दिये निर्देश

**अमृत विचार :** एस . डी . एम . बिदुषी सिंह ने मण्डी स्थित गेहूं क्रय केन्द्रो का औचक निरीक्षण कर स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानो को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नही आनी चाहिए । उन्होंने बताया गेहूं खरीद लक्ष्य के सापेक्ष सही चल रही है ।

वही शाम के समय उन्होंने नगर के कई अल्ट्रासाउंड सेंटर का निरीक्षण किया । जिसमें कई अल्ट्रासाउंड सेंटर वैध डाक्टर व पंजीकृत के कागजात भी नहीं दिखा पाए ।उन्होंने सभी अल्ट्रासाउंड सेंटरों को साफ निर्देश दिए हैं कि वह वैध चिकित्सक से ही अल्ट्रासाउंड करायें ,पंजीकरण के सभी कागजात सैटर पर रखें । उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी । इस दौरान सी . एच . सी . से डा . सलीम , फार्मासिस्ट किशन सिंह मौजूद रहें ।

## प्राथमिक विद्यालय में चोरी, मिड-डे मील ठप

**गुलड़िया अमृत विचार :** थाना सिरौली क्षेत्र के ग्राम कतुरोई ठाकुरान स्थित प्राथमिक विद्यालय में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया, जिससे बच्चों के लिए बनने वाला मिड-डे मील पूरी तरह प्रभावित हो गया। शिक्षक विकास रस्तोगी ने बताया कि सुबह जब वह स्कूल पहुंचे और रसोईघर का ताला खोला, तो ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो एक गैस सिलेंडर, तीन भगोने, 10 लीटर का कुकर, चमचे, प्लेटें, खाद्यान्न व मसाले समेत लगभग सारा सामान चोरी हो चुका था। इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# गौतम खट्टर की गिरफ्तारी के आदेश का विरोध

**संवाददाता, आंवला,**

**अमृत विचार :** हिन्दू जागरण एवं स्वाभिमान सुरक्षा समिति ने गौतम खट्टर के विरुद्ध गोवा सरकार की ओर से जारी किए गए गिरफ्तारी आदेश पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है।

समिति के पदाधिकारियों ने इस संबंध में राष्ट्रपति व राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम बिदुषी सिंह को सौंपा। पदाधिकारियों ने कहा कि गौतम खट्टर के विरुद्ध की गई कार्रवाई उनके एक कथित बयान पर आधारित है। मामले में निष्पक्ष जांच की जाए।

जब तक जांच पूरी न हो, तब तक गिरफ्तारी के आदेश पर रोक लगाई जाए। इस दौरान जयदीप पाराशरी, अवनेश शंखधार , राकेश सिंह , तुलसी हिन्दू, राजकुमार सिंह , गुड्डू, रामवीर प्रजापति , अनिल कश्यप , मनोज सिंह एडवोकेट , राधेकृष्ण एडवोकेट , इंद्रभान सिंह एडवोकेट, मनोज कुमार सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहे ।

## अद एस की अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल का 45वां जन्मदिन मनाया गया। अल्पसंख्यक मंच के जिलाध्यक्ष शकील अहमद के नेतृत्व में भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष रामकृष्ण गंगवार की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में केक काटकर हर्ष के साथ जन्मदिन मनाया गया। धौराटांडा में वार्ड नंबर 14 में हुए कार्यक्रम में तल्हा खान, सतीश पाल , नदीम रब्बानी , नरपत कश्यप, जितेंद्र गंगवार , मुईद, उवैश अहमद, परवेज सलमानी, प्रभाग कश्यप , फहीम अहमद, मूल चंद गंगवार आदि रहे।

# 554 विद्यालयों में अब तक एक भी नया नामांकन नहीं

**संवाददाता, बहेड़ी**

- हेड मास्टर्स का वेतन रोकने का आदेश एक ही दिन में वापस
- प्राथमिक शिक्षक संघ के दबाव में आदेश वापस
- नया नामांकन कराने को अब 7 दिन का समय दिया

**अमृत विचार :** वर्तमान शैक्षिक सत्र में जिन परिषदीय विद्यालयों में अब तक एक भी नया नामांकन नहीं हुआ है, उन शिक्षकों का वेतन रोकने का आदेश एक ही दिन टिक पाया। प्राथमिक शिक्षक संघ के दबाव में बीएसए ने मंगलवार को किए अपने आदेश को रोकते हुए शिक्षकों को 7 दिन की मोहलत दे दी। ज़िले में 554 विद्यालयों में अब तक एक भी नामांकन नहीं हुआ है। बीएसए ने इन्हीं 554 प्रधानाध्यापकों का वेतन रोका था। अकेले दमखोदा (रिछा) ब्लॉक में शून्य नामांकन वाले 32 विद्यालय है।

परिषदीय विद्यालयों में वर्तमान शैक्षिक स्त्र में अभी तक एक भी नामांकन न करा पाने वाले जिले भर के 554 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का बीएसए ने वेतन रोकने का फरमान मंगलवार को जारी किया था।जिले के 554 ऐसे विद्यालयों में रिछा (दमखोदा) ब्लॉक के 32 विद्यालय शामिल हैं। बीएसए डॉ० विनीता ने सभी बीईओ को कक्षा एक और छह में शून्य नामांकन वाले 554 विघालयों की सूची के साथ पत्र जारी कर इनके प्रधानाध्यापकों और इंचार्ज प्रधानाध्यापकों का वेतन रोकने का आदेश जारी किया था।

> रिछा ब्लॉक के इन विघालयों में शून्य नामांकन प्राथमिक विद्यालय अनूरुद्धपुर, अर्सियाबोझ, बैकरनन्दा, बकैनिया स्वाले, बांसबोझ, भंगा, भोपतपुर, देवीपुरा, गौरीखेडा, गोपाडांडी, गुनाह जवाहर, इनायतपुर, जटपुरा, जमुनिया, कुइंयाखेडा, कुंडरा, माधौपुर, मिन्तरपुर, मोहनपुर, मुरारपुर, मनकरापुर, रोहनिया, याकूबगंज, कंपोजिट विघालय हिस्मा, खजुरीखेडा, खडारामनगर और पचुआ। नामांकन करने पर खासा फोकस है। शून्य नामांकन वाले विघालयों में नामांकन करने के साथ नामांकन बढाने पर जोर दिया जा रहा है।
>
> -**जगदीश कुमार**, बीईओ ब्लॉक दमखोदा

बीएसए की इस कार्रवाई से शिक्षकों में हडकम्प मच गया। बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शून्य नामांकन वाले प्रधानाध्यापकों के खिलाफ हुई इस कार्रवाई का विरोध किया। संघ ने शिक्षकों को समय देने की मांग की। बुधवार देर शाम बीएसए ने सभी बीईओ को पत्र जारी कर शून्य नामांकन वाले विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सात दिन का अतिरिक्त समय देते हुए वेतन जारी करने का आदेश कर दिया। इससे जिन विद्यालयों के शिक्षकों का वेतन रोका गया था। उन्हें आदेश के बाद राहत मिली है।

# अपने दम पर सरकार बनाएगी बसपा

**संवाददाता, नवाबगंज**

**अमृत विचार :** बसपा का नवाबगंज विधानसभा क्षेत्र में 'गांव चलो अभियान' के तहत हुए कार्यक्रम में रिछोला में बूथ संख्या 81 और 82 का गठन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम में बसपा के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व राज्यसभा सांसद मुनकाद अली, पूर्व सांसद गिरीश चंद्र जाटव, मंडल प्रभारी राजेश सागर, अयोध्या प्रसाद गंगवार तथा मुस्लिम भाईचारा कमेटी के मंडल कोऑर्डिनेटर सलीम कुरैशी मौजूद रहे। बैठक का आयोजन सलीम कुरैशी के आवास पर किया गया।

पूर्व सांसद मुनकाद अली ने कहा कि मायावती के शासनकाल में प्रदेश में कानून और प्रशासनिक व्यवस्था बेहतर रही। किसी भी समुदाय के साथ अन्याय नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि बसपा अपने संगठनात्मक दम पर प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।



पूर्व सांसद का स्वागत करते बसपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बैठक में समाजवादी पार्टी छोड़कर आए सैकड़ों लोगों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रमुख रूप से तसव्वर अंसारी, अशफाक अंसारी, अब्दुल वाहिद, राजा खान, मोहम्मद फारूक अंसारी, शरीफ उद्दीन मंसूरी, सोनू सिद्दीकी, अफजल राजा, जाहिद अंसारी, इमरान कुरैशी, रियासत अंसारी सहित कई लोगों ने पार्टी ज्वाइन की। बैठक के संचालन जिला अध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने किया,।

कार्यक्रम के बाद बसपा प्रतिनिधिमंडल ने नवाबगंज के याशीन नगर पहुंचकर गैस रिसाव की घटना में मृत चार बच्चों के परिजनों से मुलाकात की और शोक संवेदना व्यक्त की। इसके बाद मंडल स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न जिलों के अध्यक्ष, मंडल प्रभारी और विधानसभा प्रभारी शामिल हुए। बैठक में बूथ और सेक्टर कमेटियों के गठन पर जोर दिया।

## युवक से ड्रोन कैमरा छीनकर फरार बदमाश

**क्योलड़िया अमृत विचार :** क्षेत्र में शादी समारोह से काम निपटाकर लौट रहे युवक से अज्ञात बदमाशों ने ड्रोन कैमरा और मोबाइल छीन कर फरार हो गये। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पीड़ित आशीष कुमार पुत्र नारायण लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शादियों में ड्रोन कैमरा उड़ाने का काम करता है। 27-28 तारीख को वह राजघाट पुल के पास एक मैरिज हॉल में अपने साथियों कैमरामैन कपिल और वीडियोमैन शिवम के साथ ड्रोन से शूटिंग कर रहा था। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह बाइक से अपने गांव बीसलपुर लौट रहा था। इसी दौरान करुआ साहबगंज के पास सामने से स्कूटी पर सवार तीन बदमाश आए और उसके पास से बैग छीन लिया। बैग में करीब 35 हजार रुपये कीमत का ड्रोन कैमरा रखा था। छीना-झपटी में उसका मोबाइल भी गिर गया।

# अवैध उगाही के विवाद में टेंपो चालक की पिटाई

**संवाददाता, भमोरा**

- दिनदहाड़े पिटाई के बाद आरोपियों के खिलाफ दी तहरीर

**अमृत विचार :** अवैध पार्किंग वसूली को लेकर हुए विवाद में टेंपो चालक की दिनदहाड़े पिटाई, पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। थाना सुभाषनगर बरेली निवासी आकिल अहमद ने बताया कि वह टेंपो चलाकर परिवार का भारण-पोषण करता है।

आरोप है कि 29 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे बरेली रेलवे जंक्शन के पास कुछ लोगों से अवैध पार्किंग स्टैंड की पर्ची को लेकर उसकी कहासुनी हो गई थी।
पीड़ित का कहना है कि संबंधित युवक अवैध वसूली करते हैं। आरोप है कि जब वह टेंपो लेकर बरेली से मनौना धाम, आंवला की ओर जा रहा था, तभी भमोरा थाना क्षेत्र के गांव कुड्डा के पास दो आरोपियों ने मोटरसाइकिल टेंपो के आगे लगाकर उसे रोक लिया।

इसके बाद गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर, सड़क पर गिराकर उसकी जमकर पिटाई की और जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना में चालक के पैर में गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित ने थाना भमोरा पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## पत्नी पर नगदी व जेवर ले जाने का आरोप

**आंवला अमृत विचार :** अरबिंद पुत्र लखपतराम निवासी नीलमाधव कालोनी ग्राम मनौना ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पीड़ित मनौना धाम में खिलौना , कास्मेटिक, प्रसाद आदि की दुकान लगाता हैं । गत दिनों जब वह घर पर नहीं था और अपने काम के सिलसिले में बाहर था तब पीड़ित की पत्नी दोनो बच्चो के साथ जेवर व नगदी लेकर अपने किसी परिवारी जन के साथ चली गई हैं । उसका कुछ पता नहीं चल रहा है। पीड़ित ने पत्नी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की हैं ।

पंचम् पुण्यतिथि
हमारी परम पूज्यनीय माताजी
स्व. श्रीमती माधुरी शुक्ला
बड़ा कठिन है हंसकर जीना,
बड़ा कठिन है आंसू पीना।
आप चली गयी इस दुनिया से,
घर आंगन सब कुछ है सूना ।।

श्रद्धावनत
अशोक कुमार शुक्ला (पति), हिमांशु-खुशी, शुभम-प्राची (पुत्र-पुत्रवधू), बबिता-मनीष (पुत्री-दामाद), अथर्व-अदविका (धेवता-धेवती), राघव-नित्या (पौत्र-पौत्री)।
पताः 14, चमन कोठी, आलमगिरीगंज, बरेली।
फर्मः • राघव इंटरप्राइजेज सौ फिटा रोड, बरेली
• HIT WAY TRAVELS PVT. LTD. सौ फिटा रोड, बरेली
मो. 9897069370, 9897881017, 8410547630


हावड़ा के एक मतदान केंद्र पर बारिश के बीच वोट डालने का इंतजार करते लोग।


कोलकाता में वोट डालने को कतार में इंतजार करतीं मिशनरीज ऑफ चैरिटी की ननें।


उत्तर 24 परगना जिले में मतदान के बाद अपने पहचान पत्र दिखातीं बुजुर्ग महिलाएं।


पुरबा बर्धमान जिले में मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे मतदाता।

# भीषण संग्राम के बाद किसकी सरकार... 4 मई का इंतजार

**बंगाल ने दूसरे चरण में भी रचा इतिहास**
**91.66% मतदान**

## पश्चिम बंगाल के इतिहास में अब तक का सर्वाधिक मतदान होने से तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच बेहद दिलचस्प हुई जंग

**कोलकाता, एजेंसी**

वर्ष 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में अब तक का सर्वाधिक 92.47 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया और इसी के साथ भाजपा-तृणमूल के बीच की जंग और रोचक हो गई है। पश्चिम बंगाल में बुधवार को विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 91.66 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। इसके दूरगामी परिणाम सामने आने की संभावना है। ऐसे में देखना यह है कि क्या मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपना वर्चस्व बरकरार रख पाएंगी या भाजपा राज्य में तृणमूल कांग्रेस के दबदबे को समाप्त कर देगी।

मतदान बंद होने तक 91.66 प्रतिशत मतदान हो चुका था और खबरों के मुताबिक लाखों मतदाता अब भी अपने मत डालने के लिए कतारों में इंतजार कर रहे थे। दक्षिण बंगाल की 142 विधानसभा सीटों पर हुए दूसरे चरण के मतदान में पहले चरण के रिकॉर्ड 93.19 प्रतिशत मतदान की बराबरी होने की संभावना थी। कोलकाता में लगभग 87 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि पूर्वी बर्धमान जिला 92.46 प्रतिशत मतदान के साथ शीर्ष पर रहा। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि दूसरे चरण के मतदान में शाम 7.45 बजे तक 91.66 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जिससे दोनों चरणों को मिलाकर कुल मतदान प्रतिशत 92.47 प्रतिशत हो गया है। मतगणना चार मई को होगी।

पश्चिम बंगाल में स्वतंत्रता के बाद मत प्रतिशत के लिहाज से यह अब तक का सबसे अधिक भागीदारी वाला विधानसभा चुनाव है। भागीदारी के विशाल पैमाने ने चुनाव के बारे में तत्काल एक राजनीतिक संदेश दिया कि मतदाता उदासीन नहीं थे। वे इतनी बड़ी संख्या में मतदान करने पहुंचे थे कि हर बात पर सवाल उठने लगे और हर दावे में राजनीतिक रंग भर गया। यदि पहले चरण में यह परखा गया कि क्या भाजपा उत्तर बंगाल में अपने गढ़ को बरकरार रख सकती है तो दूसरा और अंतिम चरण भाजपा के लिए असली लड़ाई थी कि क्या वह सत्तारूढ़ टीएमसी के दक्षिणी गढ़ कोलकाता, हावड़ा, हुगली, नादिया, उत्तर और दक्षिण 24 परगना और पूर्वी बर्धमान में सेंध लगा सकती है।


पूर्वी बर्धमान के हरगरियाडांगा में मतदान के बाद उंगली में लगी स्याही दिखातीं आदिवासी समुदाय की महिलाएं।

## दक्षिणी क्षेत्र बनेगा सत्ता तक पहुंचने का द्वार

**कोलकाता।** दूसरे चरण में बुधवार को जिन 142 सीटों के लिए मतदान हुआ उनमें से टीएमसी ने 2021 में 123 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा को केवल 18 और आईएसएफ को एक सीट मिली थी। उत्तर और दक्षिण 24 परगना, कोलकाता और हावड़ा मिलकर बंगाल की 294 सदस्यीय विधानसभा में 91 सीट का योगदान करते हैं, जो सदन का लगभग एक तिहाई हिस्सा है।

इस दक्षिणी क्षेत्र में जीत हासिल किए बिना भाजपा के लिए नबन्ना पहुंचने का कोई वास्तविक रास्ता नहीं है। टीएमसी के लिए भी गणित उतना ही स्पष्ट है: दक्षिण बंगाल में जीत हासिल कर लें तो ममता बनर्जी के लगातार चौथी बार सत्ता में आने का रास्ता खुला रहेगा। भारी मतदान ने दोनों खेमों को राजनीतिक हथियार मुहैया करा दिए। टीएमसी के लिए, इससे संकेत मिला कि भ्रष्टाचार के आरोपों, भर्ती घोटालों, सत्ता-विरोधी लहर और शासन व्यवस्था पर लगातार हमलों के बावजूद ममता बनर्जी की कल्याणकारी नीतियां, महिला केंद्रित योजनाएं और व्यक्तिगत जुड़ाव बरकरार हैं। भाजपा के लिए इसी तरह के मतदान ने सत्ताधारी शासन के खिलाफ मौन आक्रोश, टीएमसी विरोधी वोटों के एकीकरण और बदलाव के लिए संभावित जनादेश को दर्शाया।


नादिया में पहली बार वोट डालने पहुंची एक मतदाता।

### भाजपा के बटन पर टेप चिपका देने का आरोप हो सकता है पुनर्मतदान

भाजपा ने आरोप लगाया कि फाल्टा के कई मतदान केंद्रों में ईवीएम के बटनों पर टेप लगाकर पार्टी के लिए वोट डालने का विकल्प अवरुद्ध कर दिया गया था। उसने प्रभावित बूथों पर पुनर्मतदान की मांग की। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने कहा कि जिन बूथों पर ईवीएम से छेड़छाड़ पाई गई है, वहां पुनर्मतदान की घोषणा की जा सकती है। हालांकि यह निर्णय जिला निर्वाचन अधिकारी या चुनाव पर्यवेक्षकों से ईवीएम से छेड़छाड़ के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही जारी किया जाएगा।

### एसआईआर... ऐतिहासिक मतदान का सबसे गहरा पहलू

मतदान के बढ़े आंकड़ों के पीछे चुनाव का एक सबसे गहरा पहलू भी छिपा है, वह यह कि एसआईआर जिसके तहत राज्य भर में 90 .83 लाख से अधिक नाम हटा दिए गए, जो लगभग 12 प्रतिशत मतदाताओं के बराबर थे। इससे एक भी वोट पड़ने से पहले ही बंगाल का राजनीतिक नक्शा पूरी तरह से बदल गया। इस प्रक्रिया के कारण मतदाताओं की संख्या 7 .66 करोड़ से घटकर 6 .77 करोड़ हो गई, जिससे मतदान के आंकड़ों में सांख्यिकीय और राजनीतिक दोनों आयाम जुड़ गए। कुल पात्र मतदाताओं की संख्या कम होने से मतदान प्रतिशत बढ़ गया। दक्षिण बंगाल में मतदान से पहले लाखों नाम हटा दिए गए थे। इसके तहत उत्तर 24 परगना में 12 .6 लाख से अधिक, दक्षिण 24 परगना में 10 .91 लाख, कोलकाता में लगभग 6 .97 लाख और हावड़ा में लगभग छह लाख लोग मतदाता सूची से बाहर हो गए। कम से कम 25 निर्वाचन क्षेत्रों में हटाए गए नामों की संख्या पिछली जीत के अंतर से अधिक है।

### सुबह ही वोट डालने पहुंचीं ममता

ममता बनर्जी आमतौर पर अपना वोट डालने के लिए दिन में देर से कालीघाट स्थित अपने आवास से निकलकर मित्रा इंस्टीट्यूशन स्कूल जाती हैं। इस बार वह सुबह आठ बजे से पहले ही मतदान केंद्र पहुंच गईं। उन्होंने चेतला, पद्मपुकुर और चक्रबेड़िया का दौरा किया, जिससे भवानीपुर और दक्षिण बंगाल की व्यापक चुनावी लड़ाई के महत्व की ओर इशारा किया।



## भाजपा का मनोवैज्ञानिक युद्धक्षेत्र... ममता का गढ़ भवानीपुर

**सीट के साथ ममता की छवि भी भाजपा के निशाने पर**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में व्यापक स्तर पर हुए राजनीतिक संघर्ष के केंद्र में भवानीपुर था, जो अब केवल दक्षिण कोलकाता का निर्वाचन क्षेत्र नहीं था, बल्कि ममता बनर्जी का राजनीतिक गढ़ और उनका भावनात्मक गृह क्षेत्र होने के साथ भाजपा का चुना हुआ मनोवैज्ञानिक युद्धक्षेत्र बन गया।

ममता बनर्जी 15 वर्षों के शासन के बाद लगातार चौथी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही हैं और उनका मुकाबला नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी से है। इस प्रतिष्ठा की लड़ाई को सांकेतिक रूप से नंदीग्राम के पुनर्मुकाबले के रूप में देखा जा रहा है, जहां 2021 में टीएमसी से भाजपा में शामिल होने के बाद अधिकारी ने ममता बनर्जी को हराया था। पांच साल बाद यह मुकाबला बनर्जी के गढ़ में आ गया है। टीएमसी के लिए भवानीपुर सीट बरकरार रखना मुख्यमंत्री के अपने गढ़ में उनके अधिकार की रक्षा करने जैसा है।

भाजपा के लिए, इस गढ़ को भेदना बंगाल की सबसे शक्तिशाली राजनीतिक हस्ती के इर्द-गिर्द मंडरा रही उसकी अजेयता की छवि को धूमिल करने के बराबर होगा। इस निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 87 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2021 के विधानसभा चुनावों में लगभग 61 प्रतिशत और उस उपचुनाव के 57 प्रतिशत मतदान से काफी अधिक है, जिसके बाद ममता बनर्जी विधानसभा में वापस आईं।



## पश्चिम बंगाल में भाजपा की बढ़त दिखाने वाले एग्जिट पोल्स को तृणमूल ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने भाजपा को बढ़त दिखाने वाले एग्जिट पोल को खारिज कर दिया है। राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि 2021 के चुनाव में भी एग्जिट पोल नतीजों से काफी अलग थे। उन्होंने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि उस समय कई एग्जिट पोल में तृणमूल को 143-162 और भाजपा को 115-147 सीटें मिलने का अनुमान जताया गया था, जबकि अंतिम परिणाम में तृणमूल ने 215 सीटें जीतीं और भाजपा 77 सीटों पर सिमट गई। पार्टी के पूर्व राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले ने भी कहा कि बंगाल में एग्जिट पोल अक्सर करीबी मुकाबले का संकेत देते हैं, लेकिन राज्य में जनादेश ऐतिहासिक रूप से निर्णायक रहा है।

### बंगाल चुनाव हारने के बाद इस्तीफा दें मोदी

तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओ'ब्रायन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भाजपा के बंगाल चुनाव हारने पर पद से इस्तीफा देने की चुनौती दी। उन्होंने एक वीडियो संदेश में दावा किया कि मोदी ने स्वयं को राज्य की सभी 294 सीटों पर भाजपा के चेहरे के रूप में पेश किया है और उन्हें चुनौती स्वीकार करने के लिए कहा है।

## चप्पे-चप्पे पर केंद्रीय बल तैनात, फिर भी हिंसा

- केंद्रीय बलों के जवानों पर भी मतदाताओं से बदसलूकी और महिलाओं के साथ मारपीट करने के आरोप

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव ऐतिहासिक रूप से केंद्रीय बलों की तैनाती के बावजूद हिंसा और मतदान से रोके जाने के आरोप कम नहीं हुए। कहीं भाजपा नेताओं ने तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर हिंसा के आरोप लगाए तो कहीं तृणमूल ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर। केंद्रीय बलों के जवानों पर भी मतदाताओं के साथ बदसलूकी के कई आरोप लगे। तृणमूल के नेताओं ने उन पर महिला मतदाताओं से भी मारपीट करने का आरोप लगाया।

कोलकाता के एंटाली में भाजपा उम्मीदवार प्रियंका तिबरेवाल ने आरोप लगाया कि बूथ के अंदर अत्यधिक भीड़ और मतदाताओं की निजता के उल्लंघन पर आपत्ति जताने के बाद टीएमसी के मतदान एजेंटों ने उन पर हमला करने की कोशिश की। पनिहाटी में भाजपा उम्मीदवार और आरजी कर हत्याकांड की पीड़िता की मां रत्ना देबनाथ को विरोध का सामना करना पड़ा, जबकि बसंती में उनके पार्टी सहयोगी बिकाश सरदार ने आरोप लगाया कि 200 से 250 की संख्या में टीएमसी के लोगों ने उनके वाहन पर हमला किया और उनके चालक के साथ मारपीट की। इस बीच, टीएमसी ने केंद्रीय बलों पर फाल्टा के बेलसिंघा गांव में आम मतदाताओं, विशेषकर महिलाओं पर बर्बरतापूर्ण बल प्रयोग करने का आरोप लगाया। टीएमसी ने आरोप लगाया कि मतदान केंद्र के पास भीड़ को तितरबितर करने के प्रयास के दौरान महिलाओं की पिटाई की गई।

पार्टी ने हावड़ा के साथछिया में महिलाओं और एक चार वर्षीय बच्चे के साथ-साथ पूर्वी बर्धमान जिले के औसग्राम में ग्रामीणों के साथ सीएपीएफ द्वारा बर्बरता किए जाने का आरोप लगाया।


पनिहाटी निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रत्ना देबनाथ के दौरे का टीएमसी समर्थकों ने किया विरोध।

### अभिषेक बनर्जी का आरोप- केंद्रीय बलों के हमले से बुजुर्ग मतदाता की हुई मौत

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को आरोप लगाया कि दूसरे चरण के मतदान के दौरान हावड़ा जिले में केंद्रीय बलों की पिटाई के बाद एक बुजुर्ग मतदाता की मौत हो गई। बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से आरोप लगाया कि राज्य में तैनात केंद्रीय बल भाजपा की निजी सेना की तरह काम कर रहे हैं और मतदाताओं को आतंकित कर रहे हैं। बनर्जी ने उदयनारायणपुर की घटना का जिक्र करते हुए दावा किया कि बुजुर्ग व्यक्ति अपने बेटे के साथ वोट डालने गये थे, लेकिन जब उनका बेटा उन्हें बूथ तक ले जाने की कोशिश कर रहा था, तब केंद्रीय बलों ने उन्हें धक्का दिया और मारपीट की, जिसके बाद वह गिर पड़े। उन्होंने लिखा, बुजुर्ग व्यक्ति गिर गए, उन्हें अमता अस्पताल ले जाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया गया। डायमंड हार्बर से सांसद बनर्जी ने आरोप लगाया कि सुबह से केंद्रीय बल महिलाओं को थप्पड़ मार रहे हैं, बुजुर्गों से मारपीट कर रहे हैं और बच्चों तक को नहीं बख्श रहे।

## बेंगलुरु में भारी बारिश के बीच सरकारी अस्पताल की दीवार ढहने से 7 की मौत

- मुख्यमंत्री ने किया घटनास्थल का दौरा, जांच का आदेश दिया

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में बुधवार को भारी बारिश के कारण बोरिंग और लेडी कर्जन अस्पताल परिसर की दीवार ढहने से दो बच्चों सहित सात लोगों की मौत हो गई जबकि सात लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने घटनास्थल का जायजा लिया और घटना की जांच का निर्देश दिया। उन्होंने इस घटना के वृहद बेंगलुरू प्राधिकरण के अफसरों को जिम्मेदार ठहराया।

पुलिस ने बताया कि तेज बारिश, तूफानी हवाओं और ओलावृष्टि के कारण इलाके में भारी तबाही मची, उसी दौरान एक दीवार के अचानक गिरने से उसके पास शरण लिए हुए लोग मलबे में दब गए जिनमें से सात की मौके पर ही मौत हो गई।


घटनास्थल का मुआयना करने पहुंचे मुख्यमंत्री सिद्धरमैया।

घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद पुलिस और आपातकालीन सेवा कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय निवासियों की मदद से मलबे से शवों को बाहर निकाला। मुख्यमंत्री ने घायलों का इलाज मुफ्त करने का निर्देश दिया है।

सिद्धरमैया ने कहा कि दुर्भाग्यवश, जान गंवाने वाले बहुत गरीब रेहड़ी-पटरी वाले हैं। दीवार ढहने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जाएगी। यदि अभियंताओं की गलती हुई तो उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।उपमुख्यमंत्री और बेंगलुरु के प्रभारी मंत्री डीके शिवकुमार हादसे के समय दक्षिण बेंगलुरु के कनकपुरा में थे। वह भी बेंगलुरु पहुंचे और घटनास्थल का दौरा किया।

## आदिवासियों की जमीन छीनकर अडानी को दे रहा है केंद्र और अंडमान निकोबार प्रशासन : राहुल गांधी

- केंद्र शासित प्रदेश में वनाधिकार अधिनियम लागू न करने का आरोप

**पोर्ट ब्लेयर।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और अंडमान निकोबार प्रशासन पर द्वीप के लोगों की जमीनें छीने के गंभीर आरोप लगाए हैं। अंडमान-निकोबार द्वीप के दौरे पर पहुंचे गांधी ने कहा कि द्वीप के लोगों की ज़मीन छीनी जा रही है और बड़े कारोबारियों खासकर गौतम अडानी जैसे उद्योगपतियों को सौंपी जा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि वन अधिकार अधिनियम को यहां लागू नहीं किया जा रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों और आदिवासी समुदायों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को न तो उचित मुआवज़ा मिल रहा है और न ही उनकी आवाज़ सुनी जा रही है। उन्होंने इसे भारत की विरासत की चोरी करार देते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई हो रही है और ज़मीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। उन्होंने इसे इकोलॉजिकल चोरी बताते हुए कहा कि करोड़ों रुपये की प्राकृतिक संपदा को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। पानी की समस्या और प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि अंडमान में पानी की गंभीर किल्लत है और उपराज्यपाल पर भी भ्रष्टाचार के आरोप हैं। उन्होंने कहा कि उपराज्यपाल राजा की तरह काम कर रहे हैं और जनता से मिलने से बचते हैं।



## सेवानिवृत्ति के बाद कार पर सरकारी चिन्ह के इस्तेमाल पर पूर्व डीजीपी पर जुर्माना

**कोट्टायम।** केरल के मोटर वाहन विभाग ने पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) टॉमिन जे थाचनकारी पर सेवानिवृत्ति के बाद अपनी कार पर आधिकारिक चिन्ह का इस्तेमाल करने के लिए 250 रुपये का जुर्माना लगाया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि परिवहन आयुक्त के किसी निर्देश के बिना ही विभाग के प्रवर्तन विभाग ने थाचनकारी के खिलाफ यह कार्रवाई की। यह उल्लंघन तब सामने आया, जब थाचनकारी हाल में एक सतर्कता मामले के सिलसिले में कोट्टायम की एक अदालत पहुंचे। इस दौरान उनकी कार की नंबर प्लेट के पास एक आधिकारिक चिन्ह प्रदर्शित पाया गया। सूत्रों ने बताया कि थाचनकारी ने जुर्माने की रकम अदा कर दी है।

## प्रवेश दिल्ली के नए मेयर, मोनिका उपमहापौर

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ पार्षद प्रवेश वाही दिल्ली नगर निगम के नए महापौर (मेयर) चुन लिए गए हैं। बुधवार को हुए चुनाव में रोहिणी पूर्व से पार्षद प्रवेश वाही ने भारी मतों से जीत हासिल की। उनके साथ ही आनंद विहार से भाजपा पार्षद मोनिका पंत को उपमहापौर चुना गया है। कुल 273 वोटों वाले निर्वाचक मंडल में जीत के लिए 137 वोटों की आवश्यकता थी। प्रवेश वाही को कुल 156 वोट मिले, जिसमें इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी के 14 पार्षदों का समर्थन भी शामिल रहा। उनके प्रतिद्वंदी कांग्रेस उम्मीदवार हाजी जरफ को केवल नौ वोट मिले। उपमहापौर पद पर मोनिका पंत को भी 156 वोट हासिल हुए। विशेष बात यह रही कि आप ने इस महापौर चुनाव की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया।

## धीरेंद्र शास्त्री के विरुद्ध प्रदर्शन, प्राथमिकी दर्ज करने की मांग

**वीर शिवाजी के अपमान का मामला**

**ठाणे।** कांग्रेस ने बुधवार को कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में उनकी आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। पार्टी ने यह भी मांग की कि शास्त्री के महाराष्ट्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जाए।

पार्टी ने कहा कि शिवाजी महाराज का अपमान करने वालों के लिए महाराष्ट्र में कोई जगह नहीं है। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए ठाणे जिला अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज हमारी पहचान के प्रतीक हैं। हम बागेश्वर धाम बाबा जैसे लोगों को बर्दाश्त नहीं करेंगे, जो उनके बारे में अपमानजनक बयान देते हैं। इस बात की गहन जांच होनी चाहिए कि इसके पीछे किसका हाथ है।

